(93)

Email **Judicial Section**

OA-184/2024/EZ

Letter petition

From : jaykumar kumar058 <jaykumar.kumar058@gmail.com> Tue, Jul 02, 2024 01:55 PM

Subject : Letter petition 1 attachment

To : Judicial Section <ngtjudicial-kolkata@gov.in>

Respected Sir,
Kindly find the attached Letter Petition which needs your attention to save environment.
Thank you and Regards.
Jay

याचिका - ज़िला-गिरिडीह, झारखंड.pdf
663 KB

To
Hon'ble National Green Tribunal,
Faridkot House, Copernicus Marg,
New Delhi -110 001
Email: admn.ngt@nic.in, publicgrievance-ngt@gov.in

झारखंड : गिरिडीह ज़िले में दबंग भू-माफ़ियाओं का दुःसाहस : पहले नदी का रास्ता मोड़ा, अब श्मशान सहित किया अतिक्रमण, खेत में बदला

प्रदेश में भू-माफियाओं का ज़ोर इस कद्र पता चलता है कि झारखंड के ज़िला गिरिडीह, प्रखंड जमुआ, पंचायत पांडेडीह अंतर्गत आने वाले जमडीहा वन विभाग की भूमि से गुज़रने वाली नदी की उन्होंने पहले धारा मोड़ी और जब इसपे प्रशासन मौन रहा तो इसका पूरा फ़ायदा उठाते हुए अब नदी के साथ लगने वाली श्मशान घाट सहित भूमि पर अतिक्रमण करते हुए इसे खेत में तब्दील कर दिया है।

वन-विभाग की भूमि होने के बावजूद इस मुद्दे पर प्रशासन का प्रतिक्रिया अभी तक नदारद है: इस घटना की शुरुआत पिछले वर्ष यानी अप्रैल,2023 में हुई थी तब वन विभाग की भूमि (***जहां एक बड़े क्षेत्र में वन-विभाग का जंगल भी मौजूद है***) पर खेती करने वाले भू-माफियाओं ने नदी की धारा को मोड़ दिया था और वन-विभाग की भूमि पर क़ब्ज़ा करने की एक पहल शुरू की थी। अब एक वर्ष बाद प्रशासन की प्रतिक्रिया विहीन रवैये का फ़ायदा उठाते हुए इन भू-माफियाओं ने नदी का अतिक्रमण कर डाला।

इस नदी के साथ ही श्मशान घाट भी है जो आस-पास के 10-12 गाँव के लोगों के लिए मुक्ति-धाम स्थल है। वन-विभाग की इस भूमि पर इन गाँवों के लोग के कुलदेवता का पूजा-स्थल भी है जिससे लोगों की आस्था इस जंगल भूमि और नदी से जुड़ी है। परन्तु प्रशासन की कोई प्रतिक्रिया ना आने का भरपूर फ़ायदा भू-माफियाओं ने अच्छी तरह से पाया है और प्रशासन अब भी इस मुद्दे पर मौन धारण किए हुए है।